हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024

तापमान

अधिकतम 40.3 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

12 खुद को बैंक कर्मी बताकर दर्जनों ग्रामीणों से लाखों की धोखाधड़ी




12 आध्यात्मिकता से जीवन को किया जा सकता ...




## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** जीटी रोड पर पिपली-शाहबाद मार्ग पर कार की चपेट में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान इंतजार निवासी गांव पूर्णगढ़ निवासी रादौर के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के दोस्त रोहित ने बताया कि वह दोनों निजी काम से शाहबाद की तरफ जा रहे थे। बाइक वह खुद चला रहा था और इंतजार पीछे बैठा था। एक कार चालक ने तेज रफ्तार से चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।

### युवक ने रास्ते में रोककर युवती के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में विकास नाम का युवक ने रास्ते में रोककर युवती के साथ छेड़छाड़ की। आरोप है कि आरोपी युवक युवती को कॉलेज में जाते हुए भी उसका पीछा कर उसे परेशान करता था। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

यमुनानगर। गांव कलानौर के नजदीक नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक आरिफ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सीज की गाड़ी आरटीए की पार्किंग से चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव झट्टीपुर में स्थित आरटीए और माइनिंग विभाग की पार्किंग से सीज की हुई एक गाड़ी चोरी हो गई। माइनिंग ऑफिसर गाड़ी को सीज कर बाहर निकली। कुछ दूरी पर पहुंची, तो इसके बाद आरोपी पार्किंग में घुस गए। जहां से उन्होंने सीज की हुई गाड़ी को चुराया और मौके से लेकर फरार हो गए। इस मामले की शिकायत पार्किंग के ठेकेदार जसबीर ने थाना समालखा पुलिस को दी है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वही, पार्किंग में लगे सीसीटीवी की फुटेज में दिखाई दे रहा है कि 10-12 व्यक्ति गाड़ी को चुरा लेकर ले गए।

# लाखों कट्टे गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा, व्यापारियों में गहरा रोष

## पैकिंग के बाद उठान न होने से फसल का भुगतान रुका, किसानों को लगाने पड़ रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

अनाज मंडी में लिफ्टिंग की व्यवस्था अभी भी दुरुस्त नहीं हुई। लाखों कट्टे गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। जिसे लेकर व्यापारियों में रोष गहराता जा रहा है। मंडी प्रधान नंदलाल सिंगला और सचिव रमेश मित्तल ने बताया कि प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया था कि अतिरिक्त मजदूरों की व्यवस्था करके जल्द स्थिति में सुधार किया जाएगा। लेकिन सप्ताह के चार दिन बीतने के बावजूद भी काम कछुआ चाल से चल रहा है। सचिव रमेश मित्तल ने बताया कि सोलू माजरा में गेहूं स्टोर करने के लिए साइलो शुरू हो गया है। लेकिन यहां भेजने के लिए गाड़ियां ही उपलब्ध नहीं हैं। 50 से अधिक गाड़ियां गांव भौर सैयदां के गोदाम में माल उतारने के लिए कुरुक्षेत्र रोड पर लाइन में खड़ी हुई हैं। भौर सैयदां गोदाम में लगभग आठ सब प्वाइंट बने हुए हैं। एक प्वाइंट पर लगभग 12 से 14 आदमियों की लेबर चाहिए। जबकि वहां सात से आठ आदमी काम कर रहे हैं। इसी वजह से गाड़ियां खाली नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने बताया कि अनलोडिंग के लिए एक ही प्वाइंट रखा गया है। इस पर चार मंडियों से गेहूं आ रहा है। खरीद केंद्र में सिर्फ 10 से 15 गाड़ियां ही इस प्वाइंट पर खाली हो पाती हैं। तीन-तीन दिन गाड़ियां डीएफएससी के गोदाम के बाहर लाइन में लगी रहती हैं। मंडी में लगभग 11 लाख खुले आसमान के नीचे पड़े हुए हैं। पैकिंग के बाद उठान ना होने से फसल का भुगतान रुक गया है। किसान बार बार अपने पैसे की मांग कर रहे हैं। लेकिन जब तक माल गोदाम में पहुंचकर वहां से रिपोर्ट नहीं मिलती। तब तक किसान को पेमेंट नहीं जाती। ऐसे में सरकार के 72 घंटे में भुगतान करने के दावे भी खोखले साबित हो रहे हैं।

- **लिफ्टिंग की व्यवस्था अभी भी दुरुस्त नहीं होने से अनाज मंडियों में हालात बिगड़े**



पिहोवा। अनाज मंडी में लगा गेहूं के कट्टों का अंबार।

### उठान न होने से लोगों का निकलना हुआ मुश्किल

कुरुक्षेत्र। आम लोगों एवं आसपास के दुकानदारों को भी अनाज मंडी में गेहूं की फसल के ठीक ढंग से उठान होने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे से गांवों तथा शहर में आने जाने वाले लोगों को निकलना मुश्किल हो रहा है। दुकानदारों मनोज कुमार, राकेश, विजय एवं नरेश कुमार इत्यादि का कहना है कि आजकल जहां उन्हें भारी धूल मिटटी का सामना करना पड़ रहा है वहीं गेहूं की लगी ढेरियों के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है तो उनकी दुकानदारी भी ठप हो रही है। उल्लेखनीय है कि आजकल मंडी में गेहूं की फसल की आमद तेजी से हो रही है लेकिन फसल का उठान धीमी गति से होने से किसान तथा व्यापारी भी परेशान हैं। मंडी में फसल के उठान को लेकर रामेश्वर जिंदल, कपिल कुमार, महेंद्र सिंह, सुखबीर व मोहन लाल इत्यादि ने तेजी लाने के लिए प्रशासन से मांग की है। इन का कहना है कि मौसम के खराब होने से मंडी में पड़ी फसल का भी भारी नुकसान हो सकता है।



मंडी में पड़ी फसल की जानकारी देते हुए।



# बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कृषि विभाग के अधिकारियों ने कुरुक्षेत्र जिले में अलग-अलग जगहों पर औचक छापेमारी करके बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों से बीजों के 12 सैंपल एकत्रित किए है। यह सैंपल किसानों के हित को जहन में रखकर लिए गए है। इन बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सीजन के दौरान निरंतर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर सैंपल लिए जाएंगे, अगर किसी भी स्तर पर बीजों की गुणवता में कमी पाई या फिर निर्धारित दरों से ज्यादा रेट में बीजों की बिक्री की तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार वीरवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुरेंद्र मलिक के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के गुण नियंत्रक शशीपाल शर्मा की टीम ने पिहोवा व थानेसर में अलग-अलग जगहों पर बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी की। टीम के सदस्यों ने बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करके 12 सैंपल लिए है। इसके साथ ही प्रतिष्ठानों के दस्तावेजों की भी जांच की गई है। इस जिले में पिहोवा और थानेसर से बीजों की किस्मों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी। अब इस जिले में मंगलवार से लेकर अब तक बीजों के 28 सैंपल लिए गए है।

- **बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों से बीजों के 12 सैंपल एकत्रित किए**

# पानीपत में गेहूं की 20 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत के गांव सींक में वीरवार की दोपहर को आग लगने से दो किसानों की खेत में कटाई के लिए खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। वही, सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों के साथ-साथ आस पास खेतों में काम कर रहे किसान आग बुझाने में जुटे। काफी मकसद के बाद आग पर काबू पाया। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है। गांव सींक के किसान बलजीत पुत्र दीप चंद और जगदीश की खड़ी 20 एकड़ गेहूं की फसल जल गई। आग के कारणों का सही से पता नहीं लग पाया है। बताया जा रहा है कि दोनों किसानों ने जमीन को 57 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से ठेके पर लें रखा था। दोनों किसान पक्की हुई फसल को जलता देख बेहोश हो गया थे। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। इधर, ग्राम पंचायत सींक ने प्रदेश सरकार व पानीपत जिला प्रशासन से पीडित किसानों बलजीत व दीपचंद की आर्थिक मदद की अपील की है।

- **काफी मकसद के बाद आग पर काबू पाया गया**



पानीपत के गांव सींक के खेतों में लगी आग को काबू करते हुए दमकल कर्मी।

# अरोमा डिलाइट राइस मिल में अचानक लगी आग

## स्टॉक में रखी हजारों धान की बोरियां जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

गांव कालरम के पास अरोमा डिलाइट राइस मिल में अचानक आग लग गई। आग लगने से स्टॉक में रखी हजारों धान की बोरियां जल कर राख हो गई।चट्टो में आग कैसे लगी अभी इसका खुलासा नहीं हो पाया है लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि आग लगने से करोड़ों रुपए की धान स्वाहा हो गई।

गांव कालरों रोड पर स्थित अरोमा डिलाइट राइस मिल के अंदर खुले ग्राउंड में लगे धान के चट्टो में दोपहर के समय अचानक ही धुआं उठने लगा और आग की लपटे उठने लगी और देखते ही देखते आग एक चट्टे से दूसरे चट्टे में लगती चली गई। चट्टो में आग लगती देख राइस मिल के अंदर कार्य कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप गया। और आग लगने की सूचना राइस मिल मालिक को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। सूचना मिलते ही घरौंडा करनाल से करीब आधा दर्जन फायर बिर्गेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई लेकिन हवा चलने के कारण इतनी तेजी से बढ़ी कि उसने एक के बाद एक लगे धान के चट्टो को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि राइस मिल के अंदर लगे करीब दो दर्जन चट्टो मे काफी नुकसान पहुंचा है। आग साथ लगे अन्य चट्टो तक न पहुंचे इसलिए ट्रैक्टर ट्रालियों की मदद से उन चट्टो में से कट्टे हटाकर दूसरे स्थान पर रखा गया है। राइस मिल में कार्यरत कर्मचारियों के अनुसार आग लगने से करोड़ों रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी जसवीर ने बताया कि अरोमा डिलाइट में आग लगने की सूचना मिली सूचना मिलते ही पुलिस व फायर बिर्गेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

- **दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया**





घरौंडा। आग को काबू करते हुए दमकल कर्मी। फोटो : हरिभूमि

# चंडीगढ़ रेफर हुई महिला ने एंबुलेंस में बच्चे को दिया जन्म

**अंबाला।** अंबाला छावनी सिविल अस्पताल से चंडीगढ़ रेफर हुई गर्भवती ने एंबुलेंस में ही बच्ची को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों की हालत ठीक बताई जा रही है। गांव खानपुर लबाना की मोनिका को परिजन प्रवस पीड़ा के चलते बुधवार रात को उसे लेकर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे थे। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच की तो मोनिका को सांस लेने में दिक्कत हुई थी। ऐसे में यहां डिलीवरी करना खतरे से कम नहीं था। डॉक्टरों ने गर्भवती को सेक्टर-32 चंडीगढ़ रेफर कर दिया था। महिला मोनिका के पास पहले एक बेटा व बेटी थी। यह तीसरा बच्चा था। बुधवार रात को एंबुलेंस से गर्भवती को चंडीगढ़ के लिए लेकर रवाना हुए। जैसे ही एंबुलेंस दप्पर टोल के पास पहुंची तो गर्भवती को और ज्यादा प्रसव पीड़ा हो गई। एमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन ईएमटी मुकेश ने एंबुलेंस रोक महिला की जांच की। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर ईएमटी को अपनी सूझबूझ से एंबुलेंस में ही सुरक्षित डिलीवरी करानी पड़ी। उसके पश्चात जच्चा-बच्चा दोनों को चंडीगढ़ सेक्टर-32 मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां, डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद दोनों की सेहत ठीक बताई है।

- **सांस लेने में दिक्कत होने के कारण चिकित्सकों ने किया था रेफर**

# जहरीला पदार्थ निगलने से महिला की मौत

## मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर लगाया दहेज हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव सरावां में 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने उसके पति व ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला अंबाला के परशुराम नगर निवासी महीपाल ने बताया कि उसने अपनी छोटी बेटी 30 वर्षीय निधि गर्ग की वर्ष 2020 में सरावां निवासी विलय जिंदल के साथ शादी की थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसका पति विलय जिंदल, जेठ अंकुर, विशाल व सास रेखा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। कई बार आरोपियों ने उसकी बेटी के साथ मारपीट भी की। इस बारे में उसने आरोपितों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी थी मगर उस समय मौजिज लोगों से बातचीत में समझौता हो गया था। शादी के बाद उसकी बेटी के पास एक बेटा हुआ। महीपाल ने बताया कि 24 अप्रैल को उसे सूचना मिली थी कि उसकी बेटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। उसे शहर के निजी अस्पताल में लेकर गए हैं। सूचना मिलते ही वह परिवार के सदस्यों के साथ अस्पताल में पहुंचा। जहां उन्हें पता चला कि उसकी बेटी निधि को पंचकूला रैफर कर दिया गया है।

जब वह पंचकूला पहुंचा तो वहां पर इलाज के दौरान निधि की मौत हो गई। उसने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद विलय जिंदल, अंकुर, विशाल व रेखा के खिलाफ धारा 304 बी के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- **पुलिस ने मामले की जांच के बाद विलय जिंदल, अंकुर, विशाल व रेखा के खिलाफ धारा 304 बी के तहत केस दर्ज किया**

# अंबाला में हाइवे से दुकानदार की बाइक छीनकर फरार हुआ बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर दिनदहाड़े दुकानदार से बाइक छीन ली। बाइक पर आए तीन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ति दुकानदार ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। कुरुक्षेत्र के गांव जैनपुर के गुरदेव सिंह ने बताया कि वह शीशे का काम करता है। उसकी अंबाला शहर के लक्कड़ मंडी में दुकान है। वह बुधवार को अपने किसी काम से दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे स्थित एनडीआई प्लाजा (मोहड़ा) में आया हुआ था। शिकायतकर्ता के मुताबिक वो यहां से काम निपटाने के बाद अपनी बाइक पर वापस दुकान के लिए लौट रहा था। वह दोपहर पौने 2 बजे अनाज मंडी मोहड़ा के सामने पहुंचा। यहां एक बाइक पर 3 युवक आए ओर खाने-पीने के लिए पैसे मांगने लगे। जब उसने मना किया तो बदमाशों ने उससे बाइक की चाबी छीनकर फरार हो गए। उसके बाद वह अपनी बाइक को पैदल-पैदल लेकर जा रहा था। दोबारा फिर तीनों युवक आए और बाइक छीनकर अंबाला छावनी की तरफ फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने तीनों युवकों का पीछा भी किया लेकिन पकड़ में नहीं आए। उसने डायल-112 को कॉल करके इसकी सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन आरोपियों का कहीं कोई सुराग नहीं लगा।

- **आरोपियों ने पहले खाने पीने के पैसे मांगें फिर वारदात को अंजाम दिया**

उदासीनता

## राशन कार्ड धारकों ने सरकार से की समय पर राशन उपलब्ध करवाए जाने की मांग

# राशन डिपो से समय पर सामग्री नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर क्षेत्र में राशनकार्ड धारकों को राशन डिपुओं से समय पर राशन नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, डिपु संचालक डिपुओं पर समय पर राशन सप्लाई नहीं होने की बात कह रहे हैं। क्षेत्र के राशनकार्ड धारकों ने जिला प्रशासन से उन्हें समय पर डिपुओं से राशन दिलवाए जाने की मांग की है।

क्षेत्र के राशनकार्ड धारक पिंकी, वर्षा, पूनम, पुष्पा, सुनीता, अजमेरो, रोशनी, जरनैल सिंह, हिशम सिंह, सलिंद्र, जयपाल, फकीर चंद, राम कुमार व शेर सिंह आदि ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से राशनकार्ड धारकों को हर महीने की 10 तारीख तक डिपुओं पर राशन की सप्लाई किए जाने के दावे किए जा रहे हैं। मगर अप्रैल महीने का राशन अभी तक राशन डिपुओं पर नहीं पहुंचा है। जिसकी वजह से उन्हें समय पर राशन नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि राशन समय पर नहीं मिलने की समस्या आए महीने रहती है। उन्होंने कहा कि राशन समय पर नहीं मिलने से उन्हें अपने परिवारों का गुजारा चलाना मुश्किल हो गया है। सरकार की ओर से बीपीएल कार्ड धारकों को हर महीने 3 किलो गेहूं, 2 किलो बाजरा, 2 लिटर सरसों का तेल व एक किलो चीनी दी जाती है। लेकिन हर महीने आधा अधूरा राशन उन्हें मिलता है। कभी गेहूं व बाजरा मिलता है, तो कभी देरी से उन्हें सरसों का तेल व चीनी अलग अलग समय पर मिलती है। जिससे उन्हें बार बार डिपुओं पर जाकर धक्के खाने पड़ते हैं। उन्होंने प्रशासन से राशनकार्ड धारकों को समय पर राशन उपलब्ध करवाए जाने की मांग की।



### विलंब से होती है सप्लाई

डिपु एसोसिएशन के प्रधान बृजभूषण राणा ने बताया कि डिपुओं पर राशन सप्लाई करने वाली एजेंसी की ओर से देरी से गेहूं, बाजरे व अन्य सामान की सप्लाई की जा रही है। जिस कारण समय पर डिपु धारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है। इसी वजह से राशनकार्ड धारकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एसोसिएशन के सदस्यों ने संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई जा चुकी है। मगर अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है।

### राशन देरी से सप्लाई होने का ये है कारण

खाद्य आपूर्ति विभाग के स्थानीय इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि डिपुओं पर गेहूं जिले में से ही सप्लाई हो जाती है। जबकि चीनी शाहाबाद शुगर मिल से आती है। वहीं, बाजरे व सरसों के तेल की सप्लाई रेवाडी से होती है। जिसे आने में वक्त लग जाता है। उनका प्रयास है कि राशनकार्ड धारकों को समय पर राशन मिल सके। इस संबंध में उच्चाधिकारियों द्वारा राशन सप्लाई करने वाली एजेंसी को डिपुओं पर जल्द राशन पहुंचाने बारे आदेश दिए गए हैं।

# 1.18 किलो चरस के साथ आरोपी काबू

## पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए शहजादपुर ने नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने एक व्यक्ति को 1 किलोग्राम से ज्यादा चरस के साथ काबू किया है। नारायणगढ क्षेत्र के बस अड्डा गांव कोहडा के पास से आरोपी को सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ध्यान सिंह के तौर पर हुई जोकि हिमाचल प्रदेश के गांव बडाग्रा जिला कुल्लू का रहने वाला बताया जा रहा है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1 किलो 18 ग्राम चरस बरामद की गई। नारायणगढ़ पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करने वाला ध्यान सिंह नशे की बड़ी खेप लेकर एरिया में आ रहा है। सूचना के बाद पुलिस अलर्ट हो गई। तुरंत कोहड़ा बस अड्डे के पास पुलिस ने नाकाबंदी कर ध्यान सिंह को काबू कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश ली तो एक किलोग्राम से ज्यादा चरस जब्त की गई। आरोपी ने यह नशीला पदार्थ पिठ्ठू बैग में छुपाया हुआ था। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी यह चरस किसी को सप्लाई करने आया था। मगर इससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया।

- **आरोपी चरस को ठिकाने लगाने के लिए आया था**



पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी चरस तस्करी का आरोपी ।

## खबर संक्षेप

### तीन दोस्तों पर रॉड से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** रंजिश के चलते तीन युवकों ने तीन दोस्तों पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मायापुरी कालोनी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि शाम को उसका लड़का अपने दोस्तों ताशु व माधव के साथ कटिंग करवाने के लिए गया था। जब वह कटिंग करवाकर घर लौट रहे थे तो बाटा शोरूम के पास आरोपी परविंद्र व गुरविंद्र अपने दोस्त दमन के साथ वहां पर आ गए। आरोपियों ने उन तीनों पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह तीनों घायल हो गए।

### बाबू कुंवर सिंह का बलिदान दिवस मनाया

**रादौर।** डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में वीरवार को क्रांतिकारी बाबू कुंवर सिंह का बलिदान दिवस मनाया गया। स्कूल प्रिंसीपल रमन शर्मा ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही व महानायक थे। अन्याय विरोधी व स्वतंत्रता प्रेमी बाबू कुंवर सिंह कुशल सेनानायक थे। इनको 80 वर्ष की उम्र में भी लड़ने और विजय हासिल करने के लिए जाना जाता है। ब्रिटिश इतिहासकार होम्स ने उनके बारे में लिखा है कि उस बूढे.राजपूत ने ब्रिटिश सेना के विरुद्ध आन बान के साथ लड़ाई लड़ी। गनीमत थी कि युद्ध के समय कुंवर सिंह की उम्र 80 के करीब थी। अगर वह जवान होते तो शायद अंग्रेजों को 1857 में ही भारत छोड़ना पड़ता। इन्होंने 23 अप्रैल 1858 में जगदीशपुर के पास अंतिम लड़ाई लड़ी।

### सूने घर से 45 हजार की नकदी व आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** शहर की पुराना हमीदा कॉलोनी में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 45 हजार रुपये की नकदी व आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार निवासी संजीत कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ पुराना हमीदा कॉलोनी में किराए के मकान में रहता है। वह शिवम प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी करता है। उसकी पत्नी व बच्चे बिहार शादी समारोह में गए हुए हैं। बुधवार सुबह वह फैक्ट्री में काम पर चला गया था। दोपहर को वह एक बजे घर पर आया तो उसके कमरे का ताला टूटा हुआ था।

# चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए ईवीएम प्रशिक्षण बेहद जरूरी: गुप्ता

- पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को दिया ईवीएम का हैंड आन प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर**

जिला निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत वीरवार को जगाधरी के सरस्वती विद्या मंदिर में स्कूल में पीठासीन (पीओ)और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ)के लिए ईवीएम व वीवीपैट हैंड आन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटीएम एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष गुप्ता ने की। सीटीएम एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष गुप्ता ने पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनावी ड्यूटी में नियुक्त सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा व लग्न के साथ साथ बड़ी ही सावधानी पूर्वक कार्य करें। चुनाव के दौरान ईवीएम खराब होने की स्थिति में नियमानुसार कार्य करें और अविलंब एआरओ को सूचित करें। उन्होंने बताया कि यदि मतदान के दौरान बीयू,सीयू खराब होता है तो पूरा सेट बदलना जरूरी है। जबकि वीवीपैट खराब होने की स्थिति में केवल वीवीपैट बदलना जरूरी है। सीटीएम पीयूष गुप्ता ने पीओ व एपीओ को उन दस्तावेजों की जानकारी दी। जिनके आधार पर कोई भी मतदाता मतदान करने का अधिकार रखता है। यदि कोई मतदाता बूथ में आने के बाद वोट डालने से इंकार कर देता है तो उस स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई, उम्र को लेकर दी जानी वाली चुनौती, टेंडर वोट, ईवीएम व वीवीपैट को सील की जाने वाली प्रक्रिया व चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न प्रकार के फार्मोर् आदि के बारे में भी बताया।



यमुनानगर के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल जगाधरी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया के बारे में समझाते हुए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष गुप्ता।

**निर्धारित बूथ पर एक दिन पहले पहुंचेंगी पोलिंग पार्टी:** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष गुप्ता ने पीओ व एपीओ को बताया कि उन्हें मतदान से एक दिन पहले निर्धारित बूथ पर पहुंचना होगा। जिस भी स्कूल, धर्मशाला, सामुदायिक केंद्र आदि में पोलिंग बूथ बनाया गया है उसकी परिधि से दो सौ मीटर की दूरी पर ही राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से निर्धारित आकार में टेंट लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर ईवीएम व वीवीपैट को धूप व लाईट के अलावा मतदान केंद्र की खिड़की के पास नहीं रखा जाना चाहिए। यदि किसी बूथ के बाहर मतदाताओं की लाईन लगी हो तो सभी के नियमानुसार वोट डलवाना सुनिश्चित करें।

### मतदान से एक घंटा पहले मॉक पोल की प्रक्रिया को करें पूरा

मास्टर ट्रेनर उमा दत्त शर्मा ने शिविर में अधिकारियों को बताया कि वह मतदान से एक घंटा पहले मॉक पोल की प्रक्रिया को एजेंटों की मौजूदगी में पूरा करें। इस प्रक्रिया को नोटा (नन ऑफ द अबव) सहित 50 वोटों को समान रूप से बांटकर पूरा किया जाना चाहिऐ। मॉक पोल के दौरान किए गए वोट तथा वीवीपैट से निकलने वाली पर्चियों व कंट्रोल यूनिट में कुल वोट का मिलान होने पर पोलिंग एजेंट के हस्ताक्षर जरूर करवाएं। मॉक पोल के बाद इसका रिकॉर्ड भी रखें। मॉक पोल की स्लिप के पीछे मुहर लगाकर उसे काले रंग के लिफाफे में सील बंद करके रखें। मंच का संचालन दीपक कुमार मंथन पीओ बालकुंज ने किया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर उमा दत्त शर्मा, इंद्र राज, रघुबीर, सुरेन्द्र व उमेश खरबंदा, मास्टर ट्रेनर ईवीएम सुनील पंजेटों व संजय पूरी सहित सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नेत्रहीन मतदाताओं के लिए ब्रेल लिपि में जारी होगा एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप: कैप्टन

- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर**

लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी। वहीं, ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीरवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि भारत



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में ब्रेन लिपि की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैम्प और परिवहन की सुविधा के अलावा ब्रेन लिपि की सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी । जो मतदाता चलने में असमर्थ हैं, उन दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर भी उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैम्प की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके साथ ही उनकी सहायता के लिए एनसीसी, एनएसएस और रेडक्रॉस वॉलंटियर्स की भी व्यवस्था की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि नेत्रहीन दिव्यांग मतदाता और असक्त दिव्यांग मतदाता जो मशीन का बटन दबाकर वोट डालने में असमर्थ हैं, वह वोट डालने के लिए एक सहयोगी को अपने साथ लेकर जा सकते हैं। सहयोगी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।

## आढ़तियों व किसानों से की बातचीत

# गेहूं खरीद कार्य के साथ उठान में लाएं तेजी: मीणा



**यमुनानगर।** छछरौली मंडी में औचक निरीक्षण करते हुए आईएएस रवि मीणा।

### आईएएस रवि मीणा ने जगाधरी व छछरौली अनाज मंडियों का निरीक्षण कर जांची गेहूं खरीद की व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर**

जिला की जगाधरी व छछरौली अनाज मंडियों का आईएएस रवि मीणा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में खरीद कार्य प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली। मौके पर उन्होंने आढ़तियों व किसानों से बातचीत कर गेहूं खरीद व्यवस्था के बारे में बातचीत की। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को मंडियों में गेहूं खरीद कार्य के साथ-साथ उठान कार्य में भी तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। मंडियों का औचक निरीक्षण के दौरान आईएएस रवि मीणा ने अधिकारियों से फसल खरीद का पूरा ब्यौरा मांगा व गेहूं खरीद का कार्य का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने खरीद व उठान से संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए फसल बिक्री में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में गर्मी के चलते पेयजल के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी उचित प्रबंध होना चाहिए। आईएएस रवि मीणा ने मौके पर किसानों की समस्याएं भी सुनी और उनका निराकरण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाली फसल का गेट पास जारी होना चाहिए। इसके साथ ही खरीद के बाद किसानों को जे फार्म दिया जाना जरूरी है। जिसमें फसल का वजन और फसल की कीमत होती है। ताकि किसान को उसकी फसल के वजन और कीमत का पता हो सके। इस दौरान उन्होंने खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी को कहा कि उठान कार्य में ढ़िलाई न बरती जाए और लेबर की कमी को दूर किया जाए।उन्होंने उठान कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए। मीणा ने कहा कि गोदाम में फसल के पहुंचने के 72 घंटे के अंदर किसान को फसल के पैसे मिलने का प्रावधान है। जिला की सभी मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। मौके पर सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीएफएसई अशोक शर्मा, डीएम हैफेड शीशपाल गौरी, सचिव मार्केट कमेटी ऋषि राज व निरीक्षक सविता, हैफेड से मैनेजर सरिता रानी, कपिल मनीष गर्ग, मंडी एसोसिएशन के प्रधान नागेश चंद, जगमाल व प्रिंस आदि मौजूद थे।

# शिविर में एकत्रित हुआ 171 यूनिट रक्त

- गुरुनानक खालसा कॉलेज में हुआ 29वें वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर**

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में वीरवार को रोटरी क्लब यमुनानगर और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर शाखा के सहयोग से 29वें वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 171 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, छात्रों और सम्मानित पूर्व छात्रों से दानदाताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति देखी गई। मुख्य अतिथि मेजर राजिंदर सिंह भट्टी, सरदार बलवंत सिंह बंगा, सरदार



**यमुनानगर।** गुरुनानक खालसा कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

अमरदीप सिंह और रोटरी क्लब यमुनानगर से सरदार राजबीर सिंह जग्गी अध्यक्ष, मुनिश अग्रवाल अध्यक्ष व्यक्ति और सिविल अस्पताल यमुनानगर के डॉक्टरों की टीम का प्रिंसीपल डॉ.हरिंदर सिंह कंग ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व प्रिंसीपल डॉ.जगतार सिंह सोढ़ी, कर्नल जरनैल सिंह व कर्नल संदीप शर्मा ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। स्वर्गीय प्रोफेसर बालकृष्ण की पत्नी श्रीमती मीनाक्षी शर्मा और उनके बेटे पार्थ शर्मा का भी स्वागत किया गया।



### विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को मलेरिया के बारे किया जागरूक

**यमुनानगर।** गांव लेदी के पीएम श्री सरकारी मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग कोर्ट मुस्तरका से हेल्थ इंस्पेक्टर मनजीत सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी। रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनजीत सिंह व स्कूल के प्रिंसिपल साहब सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में मलेरिया से संबंधित बैनर व पोस्टर लिए हुए थे। रैली गांव की विभिन्न गलियों से निकलकर वापस स्कूल प्रांगण में संपन्न हुई। बच्चों ने रैली के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने बताया कि अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। फ्रिज कूलर व टंकियां का पानी समय-समय पर बदलते रहे।

# अब तक 26.18 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित

- नगर निगम के उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने ली संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे कर्मियों की बैठक

**हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर**

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र की संपत्तियां शत प्रतिशत सत्यापित करने के कार्य में लगे निगम कर्मचारियों की वीरवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निगम के उप निगमायुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने की। उन्होंने संपत्तियां सत्यापन कार्य में जुटे निगम कर्मचारियों को संपत्तियां सत्यापन कार्य में तेजी लाकर जल्द से जल्द इसे निपटाने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने जो कर्मचारी धीमी गति से कार्य कर रहे है उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी। निगम के उप निगमायुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने बताया कि अब तक निगम क्षेत्र की 210843 संपत्तियों में से 55218 संपत्तियां सत्यापित की जा चुकी हैं। वीरवार को दिनभर में कर्मचारियों ने 957 संपत्तियां सत्यापित की। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जो कर्मचारी रोजाना 25 संपत्तियों से कम संपत्तियां सत्यापित कर रहे हैं। वह इस कार्य में तेजी लाएं। ऐसा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से उनके घर आ रहे निगम कर्मियों का संपत्ति सत्यापन कार्य में सहयोग किए जाने की अपील की।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे निगम कर्मियों की बैठक लेते उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव। *फोटो: हरिभूमि*

### कैंप में दर्जनों संपत्तियां की सत्यापित

निगम कर्मचारियों ने वीरवार को वार्ड नंबर 17 के कैंप स्थित सनातन धर्मशाला में शिविर लगाया गया। जहां दर्जनों लोगों ने अपनी संपत्तियां सत्यापित कराई। जबकि कई लोगों ने मोबाइल, प्लाट एरिया, नाम, पते समेत अन्य आपत्तियां दर्ज कराई। इसके अलावा सैकड़ों संपत्तियां निगम कर्मियों ने घर घर जाकर सत्यापित की।

# ईवीएम को लेकर प्रथम स्तर का किया रेंडमाइजेशन

**हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर**

लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर वीरवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिला सचिवालय के सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम को लेकर प्रथम स्तर का रेंडमाइजेशन किया। साथ ही अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए कि चुनाव को पारदर्शिता से करवाया जाए। इस दौरान बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट का 15 फीसदी व वीवीपेट का 25 फीसदी रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चुनाव को लेकर गंभीर रहें।चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र तरीके से करवाने को लेकर अपनी जिम्मेदारियों को समझें व उनका शुद्ध रूप से पालन करें।

### नामांकन 29 से

उपायुक्त ने कहा कि 29 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी तथा 25 मई को मतदान होगा और 4 जून को लोकसभा चुनावों के परिणाम घोषित किए जाएंगे। मौके पर एडीसी आयुष सिन्हा, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, एसडीएम रादौर जय प्रकाश, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीआईओ विनय गुलाटी समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट नाचरौन में विदाई समारोह का आयोजन

# कपिल मिस्टर फेयरवेल व लक्षिता मिस फेयरवेल बने

- चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया

**हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर**

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन(रादौर) में वीरवार को बीसीए चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर



**यमुनानगर।** विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संस्थान के समूह निदेशक डॉ. आरएस शर्मा।

समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के समूह निदेशक डॉ. आरएस शर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

विदाई समारोह में बीसीए चौथे सेमेस्टर की छात्रा पल्लवी, लक्षिता, वंदना ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद छात्र गुरनाम, रोहन व मनीराम ने सांस्कृतिक प्रस्तुती देकर सभी का भाव विभोर कर दिया। मौके पर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, क्वेश्चन राउंड का आ यो ज न किया गया।

जिसमें अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से सभी को चकित कर दिया। इसी के आधार पर अंतिम वर्ष के छात्र कपिल को मिस्टर फेयरवेल व लक्षिता को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। संस्थान के बीसीए विभाग के एचओडी कोमल अहूजा ने विद्यार्थियों को बधाई व शुभकॉमनाएं दी। छात्रों को आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

### विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की

मौके पर संस्थान के समूह निदेशक डॉ. आरएस शर्मा ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई देते हुए कहा कि वह जिस भी क्षेत्र में जाएं वहां पर अपनी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करते हुए अपने अभिभावकों व संस्थान का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने संस्थान में बिताए गए अपने पलों की यादों का सांझा किया। इस दौरान जुनियर्स ने अपने सीनियर्स को उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर कुलदीप कुमार गुप्ता, हरप्रीत कौर, शबाना, अंजली, शिखा, यशस्विनी, कन्नू चौहान आदि मौजूद रहे।

# डीएवी कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव

- 25 छात्राओं ने लिया कार्यक्रम में भाग

**हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर**

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के पीडीपी एवं प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से एसक्लोन प्राइवेट लिमिटेड की वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डॉ.मीनू जैन ने की। मौके पर एसक्लोन प्राइवेट लिमिटेड के एचआर मैनेजर हेमंत जैन मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय की 25 छात्राओं ने प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया। मुख्य वक्ता हेमंत जैन ने छात्राओं से अकाउंटिंग इनटर्न पद के लिए



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान छात्राओं का साक्षात्कार लेते प्रतिनिधि। *फोटो: हरिभूमि*

सामूहिक रूप से चर्चा की व कंपनी से संबंधित नियमों की जानकारी दी। प्लेसमेंट ड्राइव में साक्षात्कार भी वर्चुअल माध्यम से लिए गए। अलग-अलग चरणों में उम्मीदवारों के साक्षात्कार लिए गए जिसमें उम्मीदवारों को नौकरी के लिए चयनित किया गया। प्राचार्या डॉ.मीनू जैन ने कहा कि महाविद्यालय में समय-समय पर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाता है ताकि छात्राओं को शिक्षा के उपरांत अलग-अलग क्षेत्रों में करियर बनाने का अवसर भी प्राप्त हो। कार्यक्रम संयोजक डॉ.मीनू गुलाटी की देखरेख में हुआ।

## खबर संक्षेप



### अंशप्रीत डीजी एनसीसी प्रशस्ति पदक से सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** अग्रसेन पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र अंशप्रीत को उनके अनुकरणीय एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डीजी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह द्वारा डीजी एनसीसी प्रशस्ति पदक से सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ष डीजी एनसीसी द्वारा चयनित कैडेटों को निदेशालय में निर्धारित ग्रुपों की संख्या के आधार पर डीजी कार्ड एवं मेडल दिये जाते हैं। आठ समूह के कुल 24 कैडेटों को यह सम्मान मिला है।

### समता पार्टी ने जारी किया प्रतिज्ञा पत्र

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र लोकसभा उम्मीदवार नरेश कुमार समता पार्टी ने पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील चित्रा की अध्यक्षता में पार्टी का 12 सूत्रीय प्रतिज्ञा पत्र जारी किया। नरेश जोगी ने बताया कि समता पार्टी धरातल पर रह कर जनता को सुनेगी और उनके पक्ष में सच्चाई पर काम करेगी। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील चित्रा ने कहा कि पार्टी ने हमेशा से सभी वर्गों के हित की बात की है। आज जनता परिवर्तन चाहती है। जनता जाग चुकी है। मौजूदा सरकार ने हर वर्ग के हितों का हन्न किया है समता पार्टी उसकी घोर निंदा करती है। चित्रा ने कहा कि समता पार्टी का 12 सूत्रीय प्रतिज्ञा पात्र हर वर्ग को देख कर बनाया गया है।

### गुरमीत सिंह के भक्ति गीत ने मचाई धूम

**कुरुक्षेत्र।** मिजार्पुर के गुरमीत सिंह की गायकी के चर्चे आज हर जुबां पर है। पिछले दिनों अयोध्या राम मंदिर को लेकर उनका गाया गया गीत राम कब आएगी मेरी बारी ने धूम मचा दी है। गुरुद्वारा में जाकर प्रतिदिन वाहे गुरु का नाम जपने वाली उस मा को भी नहीं पता था कि वह अपने जिस बच्चे को लोरियां सुनाकर सुलाने का प्रयास 5 वर्ष तक करती रही वही बच्चा लोरियां सुनकर ही एक दिन गायक बन जाएगा। गुरमीत ने भावुक होते हुए बताया कि उसकी माँ 5 वर्ष तक उसे लोरी सुनाती रही। गुरुद्वारा से आकर जब मा वाहे गुरु का सिमरन करती तो उसे बहुत अच्छा लगता।



### राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा मांग पत्र

**कुरुक्षेत्र।** बुधवार को राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाहाबाद के प्रधान सुरेश पलवल द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद डॉ श्याम सुन्दर आहूजा को शिक्षकों की समस्याओं के बारे में मांग-पत्र दिया गया। इस मांग-पत्र में कहा गया है कि अभी हाल ही में हुए शिक्षकों के स्थानांतरण के बाद स्कूलों में शिक्षकों की कमी होने के कारण उन स्कूलों में आंतरिक व्यवस्था करके शिक्षक उपलब्ध करवाएं जाएं, मिड डे मील में राशन समय पर पहुंचाया जाए, आटे की जगह गेहूं भिजवाना सुनिश्चित करें।



### शिव मंदिर में श्रीराम कथा का आयोजन

**थ्रानेसर।** पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर में श्रीराम कथा के दूसरे दिन माता सती द्वारा श्रीराम की परीक्षा लेना प्रसंग विस्तार से सुनाया गया। कथा से पूर्व मुख्य यजमानों बी एन शर्मा,सुनील सिंगला,एम के खन्ना, दर्शन पुरी,विनोद सिंगला,विशेष गर्ग,राहुल सिंगला,उमाशंकर और अश्वनी मित्तल ने श्रीराम कथा का पूजन किया।

## अवैध कॉलोनी में बिजली के खम्बों,15 डीपीसी, पक्की सड़कों को तोड़ा

# डीटीपी की टीम ने अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को गिराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहबाद

जिला नगर योजनाकार की टीम ने शाहबाद उपमंडल में राजस्व संपदा गांव कलसानी में 1 अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अशोक गर्ग ने कहा कि शाहबाद उपमंडल में राजस्व संपदा गांव कलसानी में 1 अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी अशोक गर्ग ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार एचएलडीवी कुरुक्षेत्र के जीवीएच अनिल कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने शाहबाद उपमंडल में राजस्व संपदा गांव कलसानी में 1 एकड़ में पनप रही 1 अवैध कॉलोनी में लगे बिजली के खम्बों, 15 डीपीसी, पक्की सडकों को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां में 1 अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरुरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्टद करने का काम किया गया है।



**शाहबाद।** अवैध निर्माण को नष्ट करती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

### बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें

डीटीपी ने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुमार्ना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ग्रुप हाउसिंग स्कीम में दीनदयाल हाउसिंग स्कीम व अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसमें आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त की जा सकती है।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# लंबित मांगों को लेकर कर्मियों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी कुरुक्षेत्र की विस्तारित मीटिंग जिला प्रधान ओमप्रकाश की अध्यक्षता में यूनियन कार्यालय में आयोजित हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव संदीप नरवाल ने किया। जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ओमप्रकाश ने कहा कि लंबित मांगों को पूरा न करने पर चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों का विरोध किया जाएगा। कहा कि सभी सरकारी विभागों में लगे कच्चे कर्मचारियों को दो साल की रगुलाईजेशन पालसी बना कर पक्का किया जाए। एनपीएस को बंद कर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाए। कौशल रोजगार निगम को समाप्त कर खाली पदों पर पक्की भर्ती की जाए। सभी वर्गों की वेतन विसंगति दूर करते हुए हरियाणा का अलग वेतन आयोग गठित किया जाए। बिना किसी शर्त के एक्शग्रेशिया नीति लागू कि जाए। मीटिंग को रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान जितेंद्र बंसल ने भी संबोधित किया। मीटिंग में रावल गुप्ता, भीम सिंह,सुनील रत्न, रोशन लाल, सुमन प्रकाश, हेमराज, सुरेश गुड्डा,किशन लाल, स्वर्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

- पैनोरमा एंड साइंस सेंटर ने आयोजित करवाई प्रतियोगिता

# आइडियाथॉन में गुरुकुल का शिवम राठौर बना जिला टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र के ब्रह्मचारियों ने एक बार फिर अपनी कुशल मेधा का परिचय देते हुए पैनोरमा एंड साइंस सेंटर कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किये जिससे गुरुकुल के सभी छात्रों में उत्साह का माहौल है।

गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग सहित निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त छात्रों को बधाई दीं। ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार ने बताया कि पैनोरमा एंड साइंस सेंटर कुरूक्षेत्र द्वारा पृथ्वी दिवस पर इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कुरुक्षेत्र सहित आसपास के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें ओपन क्विज में गुरुकुल के मिहिर कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं ड्राइंग कंपटिशन में गुरुकुल के ही अभिनव सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी संदर्भ में सोमवार को हुए आनलाइन कंपटिशन आइडियाथॉन में गुरुकुल के छात्र शिवम सिंह राठौर ने जिला में टॉप किया है। ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार ने कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र हरियाणा का नंबर वन विद्यालय है, जिसका श्रेय मेहनती शिक्षकों को जाता है।



**कुरुक्षेत्र।** प्रशस्ति पत्र लेता शिवम राठौर। फोटो : हरिभूमि

# आमजन की आवाज को दबाने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही भाजपा : बजरंग गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिहोवा

- लोकसभा प्रत्याशी सुशील गुप्ता के प्रतिनिधि बजरंग गुप्ता की अध्यक्षता में पत्रकार वार्ता का आयोजन

निजी पैलेस में कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी सुशील गुप्ता के प्रतिनिधि बजरंग गुप्ता की अध्यक्षता में इंडिया गठबंधन आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के नेताओं ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। वार्ता के दौरान बजरंग गुप्ता ने बताया कि भाजपा सरकार खुद को देश के संविधान से ऊपर समझकर दमनकारी नीतियों से कार्य कर रही है।

आमजन की आवाज को दबाने के लिए ईडी, सीआईडी आदि एजेंसियों का दुरुपयोग करके जेलों में भेज रही है,ताकि कोई भी इनके खिलाफ देशहित में आवाज ना उठा सके। उन्होंने कहा कि एमएसपी को लेकर अब तक कितने आंदोलन हो रहे हैं,किसान शहादतें दे चुके हैं। लेकिन सरकार द्वारा हां करने के बावजूद एमएसपी मुद्दे पर मुकर गई। उन्होंने कहा कि एसवाईएल का मुद्दा केंद्र सरकार का होता है,लेकिन भाजपा सरकार इसे प्रदेशों का मसला बताकर आपस मे लड़वाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में केंद्र की सत्ता की बागडोर संभालने के बाद एसवाईएल का मुद्दा प्रमुखता से सुलझा दिया जाएगा। इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र अनुसार एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। जरूरतमंद पात्र लोगों को 100 गज का प्लाट बनाकर दिया जाएगा, इसके साथ साथ पानी की टैंकी, बिजली कनैक्शन फ्री होगा तथा 300 यूनिट बिजली व 700 लीटर पानी का बिल नहीं लिया जाएगा। बुढापा पेंशन 6 हजार रुपये प्रति माह, 60 वर्ष से ऊपर बुजुर्गों को फ्री तीर्थ यात्रा सुविधा मिलेगी। इस मौके पर एडवोकेट वीरभान बाखली, रघबीर सिंह चट्ठा, जगदीश राठी, पदम् गुप्ता, कविराज शर्मा, सुखबीर ग्रेवाल, एडवोकेट रविंद्र सिंह, कर्ण चीमा, एडवोकेट गुरदेव सिंह बाजवा आदि मौजूद रहे।





**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# हरियाणा कर्मचारी महासंघ का प्रांतीय सम्मेलन 4 से

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग नया बस स्टैंड परिसर कुरुक्षेत्र में जिला प्रधान रामनिवास शर्मा की अध्यक्षता में हुई। मंच का संचालन जिला सचिव जगदीप सिंह ने किया। मीटिंग में प्रांतीय मुख्य प्रेस प्रवक्ता अमरीक सिंह चट्ठा व प्रांतीय प्रचार सचिव प्रवेश गौरी मौजूद रहे। मीटिंग में जिला संगठन से संबंधित सभी ब्रांचो के पदाधिकारी साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अमरीक सिंह चट्ठा ने बताया कि प्रांतीय संगठन द्वारा 24 वां प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन 4 व 5 मई को नजदीक जखोली अड्डा महाराजा अग्रवाल धर्मशाला कैथल में संपन्न होगा। सर्कल कैथल में चुनाव होने पर जिला कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों की अहम जिम्मेदारी बनती है। सभी कर्मचारियों को परामर्श दिया गया कि प्रांतीय चुनाव में सभी पदाधिकारी कर्मचारी साथी समय पर पहुंचे और जो भी जिम्मेदारी संगठन द्वारा लगाई जाएगी उसको एक-एक साथी पूर्ण निष्ठा से निभाने का काम करें। मीटिंग में अजय कुमार, महेंद्र सैनी, सुरेंद्र शर्मा, सिकंदर लालर, सुमेरचंद, अमरजीत सिंह, सुरेश कुमार, सतीश कुमार, परीक्षित कुमार, गुरमेल सिंह, सोमदत्त, गौरव कुमार, अजय राठी, नीरज कुमार, नरेंद्र आदि कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नवीन जिंदल को डरा धमकाकर मैदान में उतारा

- इंडिया गठबंधन के तहत लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के थानेसर के गांवों और वार्डो में दौरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने थानेसर विधानसभा के गांव एवं कॉलोनी में चुनावी यात्रा शुरू की। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पर्व मंत्री अशोक अरोड़ा मौजूद रहे।

इस मौके पर दिनेश शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, सुभाष पाली, विशाल खुब्बड़, मनु जैन, यशपाल शर्मा, दया नारायण कौशिक भी मौजूद रहे। इसके बाद आजाद नगर स्थित अपने निवास स्थान पर समर्थकों के साथ बैठक की। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा लोग सोच रहे हैं कि एक दूसरे का विरोध करने वाली कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन कैसे हुआ। यह गठबंधन भारत का संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए बना है। कहा कि भाजपा केवल जाति और धर्म की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव से पहले प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बदला, लेकिन जनता सरकार बदलना चाहती है। 10 साल शासन में रहने के बावजूद भी भाजपा के पास कुरुक्षेत्र में उम्मीदवार नहीं था। इसलिए नवीन जिंदल को डरा धमकाकर कांग्रेस से लेकर आए।

भाजपा उस उम्मीदवार को लेकर आई जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने 1 लाख 86 हजार करोड़ के कोयला घोटाले का आरोप लगाया था। नवीन जिंदल ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को 196 करोड़ रुपए का चंदा दिया। अब नवीन जिंदल भाजपा में जाने के बाद दूध के धुले हो गए। भाजपा में भ्रष्टाचार कूट कूट कर भरा है। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र से 10 साल सांसद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** वार्डवासियों को संबोधित करते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता।

### मकान से आभूषण जेवर चोरी

**कुरुक्षेत्र।** सदर थाना पुलिस के अंतर्गत गांव बीड मथाना की सिरसमा कालोनी के एक मकान से चोरों ने पांच तोले सोने के जेवर चोरी कर लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। सिरसमा कालोनी निवासी राजकुमार ने सदर थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह 23 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे अपने मकान को ताला लगाकर परिवार सहित अपनी रिश्तेदारी में गया था। सायं करीब 5 बजे अपने घर वापिस आए तो उसने अपने मकान की छत पर जाकर देखा तो पिछले बरामदे में जाली का दरवाजा खुला हुआ था। जब उसने मकान में अंदर जाकर देखा तो दरवाजे का ताला व कुंडी टूटी हुई थी। कमरे में बनी लकड़ी की अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था।

# अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा को मिला इंस्पायरिंग वूमेन अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन व पंडित धर्म प्रकाश शर्मा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में सीजन 4 के इंस्पायरिंग वूमेन अवार्ड 2024 हेतु शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर एवं विद्यालय में नवाचारी क्रियाकलाप छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत करने पर राष्ट्रीय स्तर पर कुरुक्षेत्र के राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना खुर्द में कार्यरत संस्कृत अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा का चयन हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य अध्यापक विजय कुमार ने संस्कृत अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा को उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु बधाई दी। इस अवसर पर अध्यापक मनजीत सिंह,नरेश कुमार, किरण कौर, पुष्पा शर्मा, उषा और काजल मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** अवार्ड प्राप्त करती अध्यापिका मीनाक्षी। फोटो : हरिभूमि



# नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

## 9050891508 पर दे सकते हैं सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

- आज का युवा रातों-रात सब सपने करना चाहता है पूरे

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि आज का युवा शीघ्र रातों रात अपने सब सपने पूर्ण करना चाहता है और बुराई के मार्ग पर चलकर ऐसा करने का प्रयास करता है तो वह समाज और राष्ट्र से कट जाता है। रुपया कमाना बुरा नहीं है लेकिन गलत तरीके से रुपया कमाना न केवल पाप है अपितु सामाजिक बुराई है जो राष्ट्र को धीरे धीरे दीमक की भांति क्षति पहुंचाती है। उन्होंने युवाओं के भीतर संस्कार और राष्ट्र प्रेम की भावना उजागर करते हुए कहा कि नशे के व्यापार से कमाया गया धन न केवल व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए कलंक है अपितु की उन्नति में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि नशे के तस्करों की गुप्त सूचनाएं 9050891508 पर दी जा सकती हैं। नशा छोड़ने वाले भी इस पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका सुखवीर कौर, रेनू बाला, प्रीती कलिप, ममता जांगड़ा, संध्या, गुरविंद्र कौर, रीटा आनंद, संजीव कुमार सहित 157 विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह कुरुक्षेत्र जिले में नशे के विरुद्ध 302 वां जागरूकता कार्यक्रम था। ब्यूरो के डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कुरुक्षेत्र में साइकिल यात्रा निकालकर भी लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया।

## वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने मलेरिया के बारे में दी जानकारी

# सीएचसी लाडवा में मनाया विश्व मलेरिया दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा

लाडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया जिनमे लाडवा के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में सीएससी लाडवा व पीएसी गुड़ा के अंतर्गत आने वाले हैं सभी गांव की 93 आशा वर्कर्स और सब सेंटर पर कार्यरत 25 एनम 2 एमपीएसडब्ल्यू मेल आदि को बुलाकर एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें उन सभी को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि मलेरिया से बचाव के लिए अपने घरों के आसपास पानी न इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए पूरे कपडे पहने चाहिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। टूटे फुटे बर्तन व अन्य कबाड , टायर इत्यादि अपनें घरों की छत पर एकत्रित न करें। घर में जालीदार खिडकी व दरवाजों का प्रयोग करें। मच्छररोधी दवाई का स्प्रे करें। इसके अतिरिक्त यह भी बताया कि तेज बुखार,सिर दर्द, उल्टी, कम्पकपी व बुखार उतरने पर पसीना आना इस प्रकार के कोई भी लक्षण यदि दिखाई दे तो तुरन्त किसी भी सरकारी अस्पताल में खुन की जांच कराए ताकि मलेरिया से बचाव हो सके। जागरूक करने के लिए लाडवा में एक रैली का आयोजन भी किया गया जिसमें मलेरिया के बारे में जागरूकता के बारे में बताया गया जिसमें वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कृष्णकांत सामुदाय स्वास्थ्य केंद्र लाडवा के डा. विशाल, डा. जसविन्दर, जसमेर कुमार हेल्थ सेंटर इंस्पेक्टर, सतबीर सिंह हेल्थ सेंटर इंस्पेक्टर, अमरीक सिंह, विजय कुमार आदि ने भाग लिया।




**लाडवा।** रैली निकालते वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कृष्ण कांत व स्टाफ।

### विश्व मलेरिया दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

**पिहोवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिहोवा में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। सिविल सर्जन कुरुक्षेत्र के आदेशानुसार सीएचसी पिहोवा के एसएमओ डा. नमिता गुप्ता ने सीएचसी पिहोवा के सभी एचआई, एमपीएचडब्लयूएम, एएनएम और आशा वर्कर की मीटिंग ली। इसमें मलेरिया से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी। डा. नमिता गुप्ता ने मलेरिया से बचाव व ईलाज के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मलेरिया बुखार मादा एनाफेलिज मच्छर से होता है जो कि रात के समय काटता है। यह मच्छर गंदे व ठहरे पानी में पैदा होता है। इसलिए कहीं पर भी पानी न ठहरने दे। रात को सोते समय पूरी बाजू के कपड़े पहने व रात को मच्छरदानी का प्रयोग करें। इस अवसर पर पिहोवा शहर में मोटर साइकिल रैली निकाली गई जिसमे डॉ नमिता गुप्ता आईसी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। रैली में डॉ विनीत, डॉ अमनदीप कौर, एचआई मंजीत भोला, एचआई महेश कुमार, सभी एमपीएचडब्लयू, एएनएम और आशा वर्कर ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दूसरा आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अनिकेत को गिरफ्तार किया है। कृष्णा नगर के परीक्षित वैध ने 7 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 फरवरी 2024 को किसी ने उसके घर से गहने, नकदी, एलइडी टीवी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी शुभम को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 24 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर से दो जोड़ी चांदी की पायल व नकद राशि चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 118 बोतल शराब सहित तीन आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र से सीआईए-2 ने आरोपी विशाल उर्फ टिंकू को 48 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया गया। उसे जेल भेज दिया गया है। एक अन्य मामले में थाना साहा क्षेत्र से पुलिस ने आरोपी राजपाल को 60 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया। आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। इसी तरह आरोपी दीपक को 10 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया गया है।

### चोरी के मामले में आरोपी रिमांड पर

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी मानव उर्फ भोखल को गिरफ्तार किया है। अब उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। राणा एस्टेट के रहने वाले संजय ने 8 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर से सोना-चांदी के जेवरात व नकद राशि चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### दुराचार कर धमकी देने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** महिला पुलिस थाना में दर्ज शादी का झांसा देकर महिला से दुराचार कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी निमई दास को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 20 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 नवंबर 2023 से 9 अप्रैल 2024 के दौरान आरोपी निमई दास ने शादी का झांसा देकर उससे दुराचार कर जान से मारने की धमकी दी थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी अरूण कुमार व राम कुमार को गिरफ्तार किया है। परिवादी कुलदीप ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 फरवरी 2024 को साहा में आरोपी लोकेश उर्फ लक्की ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट करके चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# कांग्रेसी नेता देवेंद्र वर्मा व निगम सदस्य मिथुन ने बोला भाजपा पर हमला

- आईएमटी योजना पर दस साल से थोथी बयानबाजी, जनता को गुमराह करते रहे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा के आदेशानुसार ?घर-घर कांग्रेस हर-घर कांग्रेस? अभियान के प्रचार-प्रसार हेतू अंबाला शहर के वार्ड नं 5 स्थित बसंत विहार, गीता नगरी में जनसभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसी नेता वरुण धीमान एवं अनु कपूर द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट देविंद्र वर्मा की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महिलाओं समेत सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए वर्मा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा जिले में अस्पतालों की हालत खराब है । दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं। डॉक्टरों की कमी है। वर्मा ने कहा कि बीते 10 सालों में भाजपा किसी भी वर्ग के लिए कोई भी नया प्रोजेक्ट लेकर नहीं आई। शहर के विधायक ने घोषणा की थी कि वो शहर में आईएमटी प्रोजेक्ट लेकर आएंगे। 10 साल में नहीं लगा और शायद कागजों में ही सिमटा हुआ पड़ा है। करोड़ों रुपए नौरंगराय तालाब के लिए मंजूर करवाए गए थे वो भी अधर में लटका पड़ा है। वह भी भ्रष्टाचार की भेंट भी चढ़ गया है। बस अड्डा भी अधर में लटका पड़ा है। दर्जनों प्रॉजेक्ट आधे अधूरे ही पड़े हैं। भाजपा राज में असल में तो प्रोजेक्ट आता ही नहीं और आता है तो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। वर्मा ने कहा कि नगर निगम में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। निगम में बिना पैसे लिए कोई भी काम नहीं होता। निगम मे भ्रष्टाचारों का गिरोह बैठा हुआ है। भाजपा के राज में हरियाणा अपराध की भेंट चढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कौशल निगम के तहत हरियाणा के पढ़े लिखे युवाओं को यहां नौकरी देने की बजाय मजदूर बनाकर इजरायल के युद्ध में झोंक दिया। जब भाजपा के पास कोई षड्यंत्र नहीं बचा तो जाति और धर्म के नाम पर वोट लेना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि हर गांव और हर शहर में कांग्रेस पार्टी को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। पार्षद मिथुन वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शहर में चारों ओर गंदगी का आलम है। बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। नालों की सफ़ाई का टेंडर अभी तक नहीं लगा। सरकार आचार संहिता का बहाना बना कर लोगों की जिन्दगी से खिलवाड़ कर रही है। लोगों की पेंशन नहीं मिल रही। बुजुर्ग पेंशन लेने जब बैंक जाते हैं तो वे उनको कहते हैं कि अपने एमसी को लेकर आओ। पिछले तीन महीने से सर्वर खराब है इसलिए सैंकड़ो बुजुर्गों को कई महीनों से पैंशन नहीं मिल रही। मिथुन कहा कि कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र के अनुसार, कांग्रेस सरकार बनने के बाद अग्निवीर योजना, पोर्टल सिस्टम या जनविरोधी नीतियों को समाप्त किया जाएगा ताकि आम जनता को निजात मिल सके।

### हर घर कांग्रेस अभियान का किया आगाज





यहां मुख्य रुप से पूर्व निगम सदस्य पवन अग्रवाल, प्रीतपाल सिंह अंटाल, अर्जुन सिंह धीमान, ईशु गोयल, खुशबीर वालिया, अशोक बूंदी, पूर्व सदस्य सतीश सैनी, देव राज, टहल राम ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर सेवादल जिला उपप्रधान हरजीत सिंह बब्बल, खुशबीर वालिया, नरिंदर गुप्ता सोनू, अभय भटनागर, संजीव फ्रौजी, विशु सूरी, ललित सैनी,राजपाल शर्मा, गुलशन कुमार, सुनीता वर्मा,राजविंदर कौर, कुलदीप कौर, राजिंदर खेत्रपाल, सोनू दुग्गल, मंगल सैन दुग्गल, राजिंद्र वर्मा, सांई गौड़, अजय लौहार, बीरबल कत्याल, श्याम लाल वर्मा भी उपस्थित रहे।

## मोटे मुनाफे के लालच में हर महीने पैसे जमा करवाते रहे पीड़ित

# खुद को बैंक कर्मी बताकर दर्जनों ग्रामीणों से लाखों की धोखाधड़ी

लोगों से बैंक की योजनाओं के नाम पर की धोखाधड़ी, एक महिला सहित तीन पर साजिशन ठगी का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




गांव तंदवाल के ग्रामीणों ने जिला कुरूक्षेत्र की महिला व उसके साथियों पर बैंक की विभिन्न स्कीमों में पैसे जमा करवाने व ब्याज का लालच देकर पैसे ठगने व धोखाधड़ी करने व पैसे वापिस मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव तंदवाल के जयपाल ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि कुरुक्षेत्र के तिगरी खालसा गांव के आरोपी रमेश चंद, रवि कुमार, राजकली ने उससे व अन्य लोगों से सरकारी बैंक के नकली कागजात तैयार करके धोखाधड़ी करके पैसे ठगे है।

### दर्जनों लोगों को बनाया शिकार

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों ने अपने आपको बैंक का कर्मचारी बताकर उसके साथ-साथ उसके ही गांव व जानकार लोगों को अपना निशाना बनाया। आरोपियों ने गांव के ही रोशन लाल, मनीष कुमार , राज कुमार , अमरजीत , , निर्मला, ओमवती, रीना रानी, सुरेंद्र कुमार, ममतेश व अन्य के साथ पैसे की धोखाधड़ी की है। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि दोषीगणों ने नकली व फर्जी सरकारी बैंक के मैनेजर व कर्मचारी होने के नकली कागजात दिखाकर झूठा विश्वास दिलवाया था कि वह बैंक में सरकारी कर्मचारी है। सरकार द्वारा दोषीगण को गांव में जाकर आम जनता को सरकार की वित्तीय नीतियों बारे, भविष्य बचत व बच्चों के उज्जवल भविष्य की योजनाओं बारे जागरूक करवाकर उनके खाते खोलने बारे बताया था। ग्रामीणों ने दोषीगणों द्वारा दिखाए गए नकली व फर्जी कागजात पर विश्वास कर लिया और अपने व अपने परिवार के सदस्यों व बच्चों के खाते दोषीगण के कहने पर खुलवा लिए थे।

### हर महीने आरोपी ले जाते थे किस्त

शिकायतकर्ता के अनुसार दोषी बारी-बारी से आकर किश्तें ले जाते थे। आरोपी का एक कर्मचारी बलवंत सिंह भी आरोपियों के साथ आता था। आरोपियों ने जमा की गई राशि पर कुल 12 प्रतिशत ब्याज दर व एक हजार रुपये सरकार की तरफ से उन्हें देने का आश्वासन दिया था। किस्ते पूरी होने पर उसे को सरकार की तरफ से अच्छा मुनाफा ब्याज सहित देने की बात कही थी। इसमें शिकायतकर्ता ने सरकारी बैंक व सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए व अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए निवेश किया था लेकिन जब पैसे मांगने की बात आती तो आरोपी टाल-मटोल करते रहे। ग्रामीणों को इन तथाकथित बैंक कर्मचारियों पर शक हुआ तो पूछताछ करने पर पता चला कि यह सब ठग हैं। आरोपी रमेश चन्द्र के बारे में पता चला कि उसे एक बैंक से निकाला गया है। वह इस प्रकार के काम करता रहता है। उसके खिलाफ कई केस भी दर्ज हैं। सब लोगों ने आरोपियों से पैसे मांगने शुरू कर दिए लेकिन आरोपियों ने पैसे मांगने पर धमकियां देनी शुरू कर दी। पुलिस ने अब शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अलग-अलग योजनाओं में लगवाए पैसे

आरोपियों ने खुद को सरकारी बैंक के कर्मी बताकर व सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं (किसान ग्रुप) व स्वावलंबन योजना (एनपीएफ) भारत सरकार की पेंशन योजना के नाम पर ग्रामीणों के खाते जिसमें एनडीएस व आरडीएफडी के किस्त 1,500/- रूपये, 1250/- रूपये, 400/- रूपये 500 रूपयों के खाते खुलवाए। इसकी किस्त आरोपी शिकायतकर्ता ग्रामीणों के घर आकर हर महीने लेकर जाते थे। आरोपियों द्वारा जारी किए गए खाता खोलने की कापी जिसमें आरोपियों से राशि प्राप्त करके खाता की कॉपी में अपने हस्ताक्षर करके प्रार्थीगण को दिए हुए थे। शिकायत के अनुसार रोशन लाल ने 400/- रूपये की कुल 20 किस्तें, रोशन लाल की 1000/- रूपये की कुल 24 किस्तें (49,400/- रूपये का एक चेक दोषी रमेश चंद द्वारा रोशन लाल को दिया गया), महिंद्रों देवी की 400/- रुपये की कुल 30 किस्तें, दिशा की 1,250/- रूपये की कुल 38 किस्तें, मनीष कुमार की 500/- रूपये की कुल 20 किस्तें, अनिता देवी की 1,250/- रूपये की कुल 35 किस्तें, कौशल्या देवी की 500/- रूपये की कुल 21 किस्तें, जय पाल की 400/- रूपये की कुल 37 किस्तें, जय पाल की 1250/- रुपये की कुल 37 किश्तें, सुनीता देवी की 400/- रूपये की कुल 37 किस्तें, राज कुमार की 1,250/- रूपये की कुल 40 किस्तें व राज कुमार की 500/- रुपये की कुल 28 किस्तें । आरोपी रमेश ने उसे 54,340 रुपये का एक चेक भी दिया गया था। सुखविंद्र कौर की 500/- रूपये की कुल 30 किस्ते, निर्मला की 500/- रुपये की कुल 39 किस्तें, कल्पना की 1500/- रुपये की कुल 16 किस्तें, ओमपति की 1.250/- रुपये की कुल 36 किस्तें, कुनाल की 1,250/- रूपये की कुल 35 किस्तें, दीक्षा की 1,000/- रूपये की कुल 13 किस्तें, सुरेंद्र की 500/- रुपये की कुल 36 किस्तें, ममतेश की 500/- रुपये की 36 किस्तें प्रति माह को हिसाब से आरोपियों द्वारा बताए ग ए सरकारी बैंक का नाम लेकर खाता खोलकर किस्तें भरी हुई है।



अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद भाजपा की महिला पदाधिकारी।

# भाजपा के 400 पार के नारे को सार्थक करने का लिया संकल्प

- भाजपा महेशनगर मंडल महिला मोर्चा की कार्यकारिणी की हुई अहम मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महेशनगर मंडल महिला मोर्चा की नवनियुक्त कार्यकारिणी की एक अहम बैठक मंडल अध्यक्षा वीना शर्मा के निवास स्थान पर संपन्न हुई।

मीडिया प्रभारी परमिंद्र शर्मा ने बताया कि यह बैठक आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर की गई। सर्वप्रथम वीना शर्मा ने सभी नवनियुक्त सदस्याओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 400 पार के नारे को सार्थक करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करना है। भाजपा ने अंबाला लोकसभा से बंतो कटारिया जी के रुप में एक महिला को प्रत्याशी बनाकर महिला सशक्तिकरण के अपने ध्येय को भी सार्थक किया है। हम सबका दायित्व है कि अंबाला छावनी से उनको भारी मतों से विजयी बनाकर लोकसभा भेजें। इसके इलावा अंबाला ज़िला महामंत्री आरती सहगल ने भी बैठक को संबोधित किया।

### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य भोली बिंद्रा, मंडल उपाध्यक्ष रेणू चौहान, महामंत्री रंजू वर्मा, महामंत्री अंजली वर्मा, उपाध्यक्ष सोनिया शर्मा, रामप्यारी, नीलम मलहोत्रा, सचिव निर्मल बंसल, ममता गोयल, सोनिया, अनीता रावत, कोषाध्यक्ष गुड्डी पनवार , मीडिया प्रमुख अंजू शर्मा, पूजा शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य तरनजीत कौर, शीतल, राज रानी, राकेश वर्मा, प्रतिभा, संध्या सुरिंदर कौर, वार्ड 7 शक्ति प्रमुख रंजीत कौर नागरा , वार्ड 10 शक्ति प्रमुख बलविंद्र कौर , वार्ड 9 शक्ति प्रमुख लता, वार्ड 17 शक्ति प्रमुख सुरेंद्र कौर, वार्ड 11 शक्ति प्रमुख निर्मल बंसल, वार्ड 14 वार्ड शक्ति प्रमुख पूजा शर्मा, वार्ड 15 शक्ति प्रमुख सोनिया, वार्ड 16 शक्ति परमुख अनीता रावत, वार्ड 19 शक्ति प्रमुख रामप्यारी इत्यादि महिलाएं मौजूद रहीं।

# जेईई मेन में आरपीएस के 39 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाईल से अधिक स्कोर पाया

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 39 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा हैं। विद्यालय के छात्र ध्रुवांशु, अनिरूद्ध, तनिषा पूनिया ने केमिस्ट्री में, अमन यादव, ध्रुवांशु ने फिजिक्स में व युक्ति गुप्ता एवं अमन यादव ने मेथ्स में 100 पर्सेटाइल प्राप्त किया हैं। इसके अलावा आरपीएस की युक्ति गुप्ता ने 99.98, परसेंटाईल, तनीशा पुनिया ने 99.98 एवं अनुप यादव ने 99.98 परसेंटाईल प्राप्त किया हैं। जेईई मेन में एक ही ग्रुप से अच्छी परसेंटाइल हासिल करने वाले विद्यार्थियों की सफलता पर ग्रुप के सभी विद्यालयों में जश्न का माहौल रहा तथा विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावकों ने मिलकर खुशी जाहिर की। इस उपलब्धि के लिए आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव सहित ग्रुप के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों ने सराहना की हैं। आरपीएस समूह की युक्ति गुप्ता ने 99.98 परसेंटाइल, तनिषा पुनिया 99.98, अनूप यादव 99.98, अमन यादव 99.95,



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी।

अनिरुद्ध 99.93, अमन कुमार 99.88, जान्हवी मित्तल 99.86, करुणेश यादव 99.84, यश झा 99.80, आदित्य 99.74, नील यादव 99.72, वंशदीप ने 99.69, उदित्य 99.66, लोकेश 99.61, निशांत 99.60, निशांत फोगाट 99.59, सौरभ पांडे 99.53, चिराग यादव 99.48, सक्षम 99.45, क्रिश 99.44, जतिन यादव 99.43, अंकित 99.42, धवल 99.38, हर्ष 99.38, मुस्कान 99.35, हिमांशु तंवर 99.31, अक्षत 99.31, अमन 99.29, तनवी 99.28, दिपांक 99.19, यमन 99.17, प्रियांशी 99.17, पूजन भाद्वाज 99.16, हर्षित 99.12, ध्रुवांशु 99.10, रूपक 99.05, मनमोहन शर्मा 99.03, सक्षम 99.01, तनुज 99 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।

# 927 मतदान केंद्रों के लिए हुआ रेंडमाइजेशन

- विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ मौजूद जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन की अध्यक्षता में वीरवार को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष 927 मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम मशीन व वीवी पैट की पहली रेंडमाइजेशन की गई। इस पूरी गतिविधि की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। डॉ. शालीन ने बताया कि ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम के तहत यह पूरा कार्य किया गया है। जिन ईवीएम मशीनों व वीवी पैट की रेंडमाइजेशन की गई है, इसकी जांच भारत इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरों द्वारा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए 927 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। विधानसभा केंद्र अनुसार पहली रेंडमाइजेशन के तहत ईवीएम व वीवी पैट अलॉट किया गया है। यह सभी मशीनें कल्पना चावला महिला बहुतकनीकी संस्थान में बनाए गए वेयरहाउस में तैयार की जाएंगी। इसके उपरांत द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ रेंडमाइजेशन की जाएंगी। सभी मशीनें तैयार करके मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस की एस्कॉर्ट को लेकर जिस वाहन में जाएंगी। उसमें बाकायदा जीपीएस भी लगा होगा और यह सभी मशीनें विधानसभा क्षेत्र अनुसार बनाए गए स्ट्रांग रूम/ मतगणना केंद्रों में पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ रखी जाएंगी। भारत निर्वाचन आयोग की निर्देशों की अनुपालना में चुनाव से एक दिन पहले पोलिंग पार्टियां यहीं से मशीनें व अन्य चुनाव सामग्री ले जाएंगी। फिर चुनाव उपरांत यहीं पर इन्हें जमा करवाएंगी। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के तहत 211 बूथों के लिए 242 बेल्ट यूनिट, 242 कंट्रोल यूनिट व 263 वीवी पैट अलॉट की गई। इसी प्रकार अंबाला छावनी में 194 बूथों के लिए 223 बेल्ट यूनिट, 223 कंट्रोल यूनिट और 242 वीवी पैट अलॉट की गई है। इसी प्रकार अम्बाला शहर विधानसभा के लिए 260 बूथों के लिए 299 बेल्ट यूनिट, 299 कंट्रोल यूनिट व 325 वीवी पैट ,मुलाना विधानसभा क्षेत्र के के लिए 262 मतदान केंद्रों के लिए 301 बेल्ट यूनिट, 301 कंट्रोल यूनिट व 327 वीवी पैट अलॉट की गई हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से 927 मतदान केंद्रों पर 1065 बेल्ट यूनिट, 1065 कंट्रोल यूनिट व 1157 वीवी पैट की रैंडमाइजेशन की गई है।

# यदुवंशी के विद्यार्थियों ने जेईई मेन के दूसरे फेज के परिणामों में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 215 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेन प्रवेश परीक्षा के दूसरे फेज में उच्च परसेंटाइल से सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। विद्यालय के नौ छात्र ने 99 परसेंटाइल से ऊपर हिमांशु 99.91, विशेष 99.88, रूपेश 99.59, नितिन 99.52, विशेष कुमार 99.31, भूपेंद्र 99.24, मुकुल 99.18, निशांत 99.11 तथा अंशिका 99.09 ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं 95 परसेंटाइल से अधिक सुप्रिया 98.96, दीया 98.81, अक्षय 98.72, नितेश 98.62, निशांत



महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

98.44, तुषांत 98.34, यामिनी 98.16, मनु 98.03, तनिष्क 96.95, डिंपल 97.84, सुधांशु 97.83, संध्या 97.04, गाव्यांशी 96.98, मनन 96.83, तृप्ति 96.78, मानसी 96.74, दक्ष 96.71, दिव्या 96.55, निशिता 96.51, विशांत 96.33, प्रवीन 96.28, विनीता 96.08, तक्षप्रीत 95.79, हर्ष 95.6, मिलन 95.5, कवींद्र 95.46, कपिल 95.46 तथा शुभम 95.14 विद्यार्थी रहे, वहीं 90 परसेंटाइल से अधिक 107 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया, जिसमें हरिश 94.98, प्रवीन 94.97, निधीश 94.93, उमेश 94.92, अनुज 94.67, कंवरपाल 94.05, तनु 93.94, काजल 93.69, रीतिका 93.44, दीपक 93.42, साक्षी 93.33, विराट 93.13, निशांत 93.13, अंजलि 93.1, अमन 93.06, अर्चित 92.82, शुभम 92.61, मयंक 92.6, अनुज 92.58, रीतिका 92.43, सचिन 92.28, कोमल 92.15, आदित्य 92.06, खुशहाल 92 के नाम शामिल रहे।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय राजयोग केंद्र में प्रशासनिक विंग की ओर से आयोजित किया सेमीनार

# आध्यात्मिकता से जीवन को किया जा सकता है आत्मसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। कार्यक्रम का शुभारंभ करती आईपीएस सृष्टि गुप्ता व मौजूद लोग।



ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय राजयोग सेवा केंद्र कंच घर में प्रशासनिक विंग का सेमिनार आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि के तौर पर आईपीएस ऑफिसर सृष्टि गुप्ता व आईएएस ऑफिसर रवि मीणा पधारे। इसके अलावा संस्था के मुख्यालय माउंट आबू से पधारे प्रशासक सेवा प्रभाग के प्रमुख राजयोगी ब्रह्माकुमार हरीश भाई व ब्रह्माकुमारी येशू दीदी , चंडीगढ से ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी व ब्रह्माकुमारी मधु दीदी भी विशेष उपस्थित रहे। आईएएस रवि मीणा ने बताया कि प्रशासनिक कार्यों में तनावमुक्त रहकर प्रशासन को सुचारू रूप से चलाने के लिए आध्यात्मिकता से जीवन में आत्मसात किया जा सकता है। अध्यात्म हमें सभी को संतुष्ट करते हुए व अपने कर्तव्यों को निभाते हुए सभी से सद्व्यवहार करना सिखाता है। आईपीएस सृष्टि गुप्ता ने इस संस्था की गतिविधियों की सराहना की और कहा कि हमें अपनी सुबह की दिनचर्या को बहुत व्यवस्थित रखना होगा ताकि सभी कार्य सुचारु रूप से चल सकें। चंडीगढ़ से पधारी ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने मेडिटेशन का महत्व समझाकर उस परमपिता परमात्मा की शक्तियों द्वारा सभी को असीम शांति का अनुभव करवाया। उन्होंने बताया कि इस शरीर को चलाने वाली मैं चैतन्य आत्मा उस परमात्मा पिता की संतान हूं। उस पिता से शक्तियां लेने के लिए हमें केवल अपनी बुद्धि को एकाग्र कर उस रहम व करुणा के सागर से जुड़ना होगा। बीके मधु दीदी ने बताया कि हमें सबको केवल देना है लेने की किसी भी प्रकार की कोई इच्छा न हो। बीके हरीश भाई ने कहा कि भगवान के घर आने से जीवन ही बदल जाती है।